'मूंधड़ा ट्रस्ट द्वारा बेटियों के पढ़ने के लिए बनाये स्कूल भवन को पीढ़ियां याद रखेंगी'

बीकानेर, (कासं)। नापासर के गीतादेवी बागड़ी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय को पीएमश्री विद्यालय स्तर के विद्यालय के रूप में विकसित किया जायेगा। यहां कोई भी स्वीकृत पद रिक्त नहीं रहेगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को नापासर के गीता देवी बागड़ी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की।

उन्होंने कहा कि श्रीमती सीएम मूंधड़ा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अपनी कमाई में से गांव की बेटियों के पढ़ने के लिए भव्य स्कूल भवन बनाया है। यह अनुकरणीय कार्य है। आने वाली पीढ़ियां इसे याद रखेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से भी यहां सुविधाओं में कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। पीएम श्री स्कूल को मिलने वाली सभी सुविधाएं यहां मुहैया करवाई जायेगी। दिलावर ने गांव के स्कूल में खेल मैदान बनाने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी और कहा कि एक सप्ताह में लिखित स्वीकृति भी दे दी जायेगी।

उन्होंने बीकानेर के राजकीय नेत्रहीन विद्यालय में सीटें और मैस का भत्ता बढ़ाने का आश्वासन दिया और कहा कि सी.एम. मूंधड़ा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा यहां प्रस्तावित छात्रावास बनाने की स्वीकृति भी जल्दी ही दे दी जायेगी। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने कस्बे की सफाई व्यवस्था पर असंतोष जताया तथा इसमें सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगली बार निरीक्षण के दौरान यदि सफाई व्यवस्था चाक चौबंद नहीं मिली तो संबंधित विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी तथा सरपंच इसके लिए जिम्मेदार होंगे। उन्होंने प्लास्टिक और पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने का आव्हान किया और बताया कि प्रदेश में प्रतिवर्ष गंदगी और पॉलिथीन के दुष्प्रभावों से लगभग साढ़े सात लाख लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं।

इससे बचने के लिए पॉलिथीन के उपयोग को रोकना और सफाई व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है। दिलावर ने निर्देश दिए कि जिले की स्कूलों में पॉलीथिन और प्लास्टिक के किसी वस्तु का उपयोग नहीं हो। स्कूल परिसर में साफ-सफाई रखें तथा स्कूल परिसर पूर्णतया नशा मुक्त हो।

जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने सीएम मूंधड़ा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नापासर में करवाए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। स्कूल प्राचार्य सुमन स्वामी ने स्कूल का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान बालिकाओं ने विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शिक्षा मंत्री ने बालिकाओं द्वारा बनाए गए विज्ञान के मॉडल्स का अवलोकन किया। बीकानेर पंचायत समिति के प्रधान लालचंद आसोपा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान सी. एम. मूंधड़ा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के श्रीकिशन मूंधड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, उप प्रधान रामप्रताप कस्वां, ओम सारस्वत, अनिल शुक्ला, अखिलेश प्रताप सिंह, श्रवण सिंह शेखावत, बनवारी शर्मा, जसवंत दईया, रतिराम तावनिया, राजाराम ओझा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी गजानंद सेवक आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र हर्ष ने किया।

शिक्षा मंत्री ने नापासर में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। यहां सीएम मूंधड़ा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बनाए गए कक्षों का अवलोकन किया। बच्चों से गणित के सवाल पूछे। बच्चों ने संस्कृत के विभिन्न श्लोक सुनाए। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की सीख दी। श्रीकिशन मूंधड़ा ने उन्हें यहां करवाये गए विभिन्न कार्यों के बारे में बताया। शिक्षा मंत्री ने यहां निर्माणाधीन बालिका महाविद्यालय भवन का अवलोकन किया।

यहां चार दिवारी का निर्माण सी.एम. मूंधड़ा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा करवाया गया है। भवन निर्माण पर सरकार द्वारा स्वीकृत से अधिक राशि लगने पर उसका व्यय भी ट्रस्ट द्वारा किया जायेगा। श्रीकिशन मूंधड़ा ने कहा कि सरकार द्वारा साइंस और कॉमर्स की मान्यता मिलने की स्थिति में ट्रस्ट द्वारा अतिरिक्त भवन का निर्माण करवा दिया जायेगा। शिक्षा मंत्री ने इस संबंध में उच्च स्तर पर वार्ता करते हुए सकारात्मक परिणाम का भरोसा दिलाया।



नापासर के गीता देवी बागड़ी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने संबोधित किया।

■ शिक्षा मंत्री ने कहा नापासर के गीता देवी बागड़ी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय को पीएमश्री विद्यालय स्तर के विद्यालय के रूप में विकसित किया जायेगा

धान मंडी श्रमिकों में मारपीट

अनूपगढ़, (कासं)। यहां की नई धान मंडी में देर रात एक ही दुकान पर काम करने वाले मजदूरों के बीच शराब के नशे में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर कापों से हमला कर दिया। झगड़े में जब अन्य श्रमिक बीच-बचाव के लिए आये तो वे भी विवाद की चपेट में आ गए और चोटिल हो गए।

इस घटना में कुल 6 मजदूर घायल हो गए। जिनमें से एक की हालत गंभीर होने पर उसे उच्च केन्द्र के लिए रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलने पर अनूपगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। नई धान मंडी में हुई इस लड़ाई की सूचना पुलिस थाने में दी गई थी। एएसआई राजेंद्र बिश्नोई मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक विवाद करने वाले सभी मजदूर तीतर-बीतर हो चुके थे।

एएसआई राजेन्द्र बिश्नोई ने बताया कि पुलिस ने किसी तरह से स्थिति को शांत किया और दोनों पक्षों में हुए विवाद में घायल हुए 6 व्यक्तियों को अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। घायलों में मनदीप पुत्र सुबोध, निवासी मध्यपुरा, बिहार, सचिन पुत्र मनोज शाह, निवासी भागलपुर, बिहार, संजीव पुत्र जट्टू शाह, निवासी भागलपुर, बिहार, रघुवीर पुत्र सदानंद, निवासी मधेपुरा, बिहार, सुजीत कुमार पुत्र विनोद यादव, निवासी मधेपुरा, बिहार और ललित कुमार पुत्र विनोद यादव, निवासी मधेपुरा, बिहार शामिल हैं।

सिर में अंदरूनी चोट आने के कारण श्रमिक संजीव को श्रीगंगानगर के हायर सेंटर रेफर किया गया है। एएसआई बिश्नोई ने बताया कि पुलिस दोनों पक्षों की रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

सार-समाचार

66 प्रतिभाओं को सम्मानित किया

रामस्वरूप जाखड़ स्मृति सम्मान-समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान किया।

बीकानेर, (कासं)। इंजीनियर रामस्वरूप जाखड़ की स्मृति में संस्कार सीनियर सैकण्डरी स्कूल, उदासर रोड में सम्मान- समारोह का आयोजन किया गया। संयोजक सरोज जाखड़ एवं विक्रम स्वरूप जाखड़ ने बताया कि समारोह मे विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, सृजनात्मक सोच एवं कौशल में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले लगभग 66 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व गृह एवं परिवहन मंत्री वीरेंद्र बेनिवाल, डॉ. देवाराम गोदारा, शारदा एच. एल. ढाका उप प्राचार्य डाइट बीकानेर, डॉ. ओमप्रकाश जाखड़ प्राचार्य इंजीनिरिंग कॉलेज बीकानेर, का. पवन सारण, डॉ. अजय चौधरी, सरोज जाखड़, शेर सिंह गजराज द्वारा स्वागत किया गया। वीरेंद्र बेनिवाल ने कहा कि स्व.रामस्वरूप जाखड़ की दी गयी सेवाएं सर्वदा किसान समाज के लिए अविस्मरणीय रहेगी। उन्होंने उत्कृष्ट सेवाएं देने के साथ-साथ समाज में सुधार के लिए प्रेरणादायी कार्य किये। शारदा एच. एल. ढाका ने कहा कि पहले संसाधनों का अभाव एवं विपरीत परिस्थितियों के बाद भी नहर निर्माण में उनका योगदान हमेशा यादगार रहेगा। डॉ. देवाराम गोदारा ने सम्मान समारोह की महत्ता सार्थकता बताई और कहा कि यह अनूठी पहल प्रेरणादायक है। डॉ. जाखड़ ने बताया कि यह एक अच्छी पहल है जो समाज के लोगों को प्रेरित करेगी।

छात्राओं ने दिखाया दमखम

नोखा, (कासं)। पीएम श्री बाबा छोटू नाथ राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में 6 वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 17 और 19 वर्ष छात्रा वर्ग के आयोजन के तीसरे दिन कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया। प्रधानाचार्य नारायण दत्त ने बताया कि इस प्रतियोगिता के सफल संचालन में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट के विद्यार्थियों का भरपूर सहयोग रहा व उनके कार्यों की सराहना की। शारीरिक शिक्षक ओमप्रकाश जाखड़ ने परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि 17 वर्ष वर्ग में तश्तरी फेंक में अंकिता सारण, प्रियंका सियाग, वंदना बाधेला क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर व लम्बी कूद में मोनिका, आशा गोदारा, ज्योति व 100 मीटर बाधा दौड़ में मोनिका, गीता कुमारी, राधा नायक क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। 19 वर्ष वर्ग में 100 मीटर बाधा दौड़ में प्रतिमा, सुशीला मेघवाल, प्रियंका राहड़ क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। इस दौरान मीडिया प्रभारी लेखराम गोदारा, उप प्रधानाचार्य गजानन्द सारस्वत, व्याख्याता पूनमचंद सियाग, महेन्द्र मंडाल, राकेश लीलड़, मनोज प्रजापत, मोहम्मद आरिफ खान, सुनील भार्गव, सुरेश डेलू, उर्मिला बिश्नोई, शारीरिक शिक्षक व निर्णायक दल आदि स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

कंज्यूमर केयर अभियान शुरू

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा दीपावली के मद्देनजर सोमवार से कंज्यूमर केयर अभियान शुरू किया गया। यह अभियान 30 अक्टूबर तक जारी रहेगा। अभियान के तहत मिठाई, सूखे मेवे, बेकरी उत्पाद इत्यादि के साथ डब्बा तोलने, कम माप-तौल एवं पैकेजिंग नियमों में निर्धारित मापदंडों के तहत बिक्री नहीं करने जैसे कदाचारों की रोकथाम की जायेगी। संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी वीरेन्द्र सिंह चौधरी के निर्देशानुसार बीकानेर संभाग मुख्यालय पर विधिक माप विज्ञान अधिकारी भंवर सिंह राठौड़ के नेतृत्व में प्रर्वतन निरीक्षक पवन सुथार एवं मनीष अवस्थी की टीम बनाई गई है। यह टीम अभियान के दौरान विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 तथा इसके अंतर्गत बनाये गए नियमों के तहत निरीक्षण कार्रवाई करेंगे। अभियान के तहत सोमवार को लूणकरनसर में दो स्थानों श्री एंटरप्राईजेज तथा मोदी डेयरी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वहां उपयोग होने वाले कांटों में कुछ कांटों का सत्यापन नहीं होना पाया गया तथा उन पर सील भी नहीं पाई गई। इनमें अधिनियम के नियमों की पालना नहीं पाए जाने पर 12 हजार रूपए की शास्ति वसूल की गई।

दशहरा कमेटी के पात्र सम्मानित

बीकानेर, (कासं)। श्रीराम लक्ष्मण दशहरा कमेटी द्वारा दशहरा उत्सव के निमित्त विभिन्न अभिनीत पात्रों, रूप सज्जाकारों, कार्यकर्ताओं व कार्यक्रम संचालकों का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। राम लक्ष्मण भवन में आयोजित सम्मान समारोह में शोभायात्रा प्रमुख व कोषाध्यक्ष गिरीश खत्री ने शोभा यात्रा की त्रिआयामी विशेषताओं के बारे में बताते हुए कहा कि पात्रों का चयन उनके अनुरूप किये गये थे। नारी पात्रों सहित सभी पात्रों का प्रभावी सजीव मेक-अप और सभी पात्रों का शोभायात्रा के दौरान अनुशासन पूर्ण व गरिमामय व्यवहार विशिष्ट श्रेणी का रहा। झांकी निर्माण व पथ संचालन प्रमुख प्रवीण अरोड़ा ने पात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उनके धर्म, कला और संस्कृति के जुड़ाव की भावना की भूरि-भूरि प्रशंसा की। पात्र चयन प्रमुख अनिल दुल्याणी ने अपने संदेश में जितेन्द्र वर्मा, हीरा सोनी, विवेक देवड़ा आदि रूप सजाकारों की कला की सराहना की। 75 पात्रों से सुसज्जित इस दशहरा शोभा यात्रा के विशेष पात्रों में गणेश पांडे, शेखर सोनी, दीपक तनेजा, राजीव नैयर, भवानी शंकर सोनी, रवि भाटी, किशन लाल व्यास, सुरेन्द्र गहलोत, बाबूलाल व्यास, केशव गहलोत, विवेक दावड़ा, महावीर सोलंकी, का प्रभावशाली भूमिका रही वहीं नारी पात्रों में वंशिका, ईशिका, भूमिका, ईशिता, ओजस्वी, नताशा, लावण्य, जयश्री ने सराहनीय प्रदर्शन किया। झांकी संचालक जगदीश मदान ने शोभा यात्रा कार्य सहयोग हेतु सचिन भाटिया, मनीष, मोहित भटनागर, गौरव शर्मा, यथार्थ भादाणी को प्रतीक चिन्ह प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन गिरीश खत्री ने किया। आभार महासचिव सुभाष भोला ने ज्ञापित किया।

बीकानेर में रेजिडेंट डॉक्टर्स हड़ताल पर, मरीज परेशान

बीकानेर, (कासं)। अपनी पुरानी मांगों को लेकर बीकानेर संभाग के सबसे बड़े हॉस्पिटल की व्यवस्थाएं लड़खड़ा गई है। पीबीएम हॉस्पिटल में करीब साढ़े पांच सौ रेजिडेंट डॉक्टर्स काम करते हैं। ये सभी हड़ताल पर चले गए जिससे अधिकांश ऑपरेशन स्थगित हो गए हैं। वहीं ओपीडी भी पूरी तरह प्रभावित है।

सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत यादव ने बताया कि राज्य सरकार को पहले भी मांगें बताई थी लेकिन तब सिर्फ आश्वासन दिया गया। अब फिर से हड़ताल करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था। हड़ताल के चलते एसपीएमसी के साढ़े पांच सौ डॉक्टर्स ने काम बंद कर दिया है। सोमवार को कोई भी रेजिडेंट डॉक्टर्स ऑपरेशन थियेटर में नहीं गया है। ऐसे में बड़ी संख्या में ऑपरेशन स्थगित करने पड़े हैं। बहुत आवश्यक होने पर सीनियर डॉक्टर ही ऑपरेशन कर रहे हैं।

पिछली बार हुई हड़ताल के 45 दिन बीत जाने के बाद भी सरकार ने अब तक कोई निर्णय नहीं किया है। ऐसे में एसोसिएशन ने जयपुर स्तर पर सरकार को अल्टीमेटम दिया था। पांच दिन पहले कार्य बहिष्कार किया था, ताकि सरकार कोई निर्णय करें। इसके बाद कुछ सेवाओं से रेजिडेंट डॉक्टर्स ने हड़ताल की ओर अब पूरी तरह हड़ताल कर दी है।

रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल के चलते पीबीएम अस्पताल के जिन विभागों में सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है, उनमें गायनिक शामिल है। जहां डिलीवरी का अधिकांश काम रेजिडेंट डॉक्टर्स ही देखते हैं। इसके अलावा सर्जरी विभाग में हर रोज ऑपरेशन होते हैं। मेडिसिन डिपार्टमेंट में भी रोगियों की भारी भीड़ रहती है। यहां भी रोगी परेशान हो रहे हैं।

वहीं दूसरी तरफ बीकानेर में मौसमी बीमारियों का संकट है। हर रोज तीस से चालीस डेंगू रोगी के अलावा मलेरिया और चिकुनगुनिया के रोगी भी सामने आ रहे हैं। रेजिडेंट्स के हड़ताल पर होने से सीनियर डॉक्टर्स को समय देना पड़ रहा है। देर तक रूकने के बाद भी सभी रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण नहीं हो पा रहा है। राज्य स्तर पर चल रहे आंदोलन के बीच बीकानेर के रेजिडेंट डॉक्टर्स की स्थानीय मांगें भी अर्से से अधूरी है।

■ पीबीएम हॉस्पिटल की चिकित्सा व्यवस्था लड़खड़ाई अधिकांश ऑपरेशन स्थगित

विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता

बीकानेर,(कासं)। पश्चिमी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम को अटारी जोधपुर के पूर्व निदेशक डॉ एस. के. सिंह और कुलपति डॉ अरूण कुमार ने सोमवार को हरी झंडी दिखाकर विश्वविद्यालय परिसर से रवाना किया।

कुलपति डॉ अरूण कुमार ने सभी खिलाड़ियों को खेल में बेहतरीन प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ निर्मल सिंह दहिया, वीसी के ओएसडी डॉ योगेश शर्मा, खेल सचिव डॉ वी.एस. आचार्य, श्रीकिशन सिंह, नेमाराम समेत खिलाड़ी उपस्थित थे। निदेशक छात्र कल्याण डॉ निर्मल सिंह दहिया ने बताया कि पश्चिमी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी का आयोजन 19 से 24 अक्टूबर तक झुंझुनूं के जे. जे. टिबरेवाल विश्वविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है।

बिना लाइसेंस पटाखे बेचने पर होगी कार्रवाई

हनुमानगढ़, (कासं)। दीपावली पर्व पर कानून व्यवस्था व शांति बनाए रखने एवं अप्रिय घटना से बचाव के लिए जिला कलेक्टर कानाराम ने पटाखा दुकानदारों और जिलेवासियों से अपील की है।

उन्होंने कहा है कि कोई भी दुकानदार बिना लाइसेंस और दुकान के बाहर रखकर आतिशबाजी/पटाखों का विक्रय नहीं करें। दुकान में चार बाल्टी मिट्टी, पानी का ड्रम, कम्बल सहित दुर्घटना से बचाव के लिए उचित व्यवस्था रखें। किसी अनहोनी घटना के होने पर तुरंत फायर बिठोड, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, एम्बुलेंस एवं सिटी कंट्रोल रूम को सूचित कर बचाव कार्य करें।

जिला कलेक्टर ने कहा है कि धमाका, जैट, रॉकेट व हवाई जहाज जैसे पटाखों का विक्रय नहीं करें। स्टॉक रजिस्टर का नियमित संधारण किया जाए। विस्फोटक एक्ट की पूर्ण पालना करें। दुकान के बाहर बड़े अक्षरों में आवंटित लाइसेंस नम्बर के पोस्टर चस्पा करें। दुकान के अंदर और बाहर धूम्रपान नहीं करें और निषेध की जानकारी अवश्य लगाए।

दुकानदारों को उच्चतम न्यायालय के पटाखों के संबंध में लगाई शर्तों की पालना करनी होगी। आमजन को किसी भी तरह से परेशानी नहीं होनी चाहिए। जिला कलेक्टर ने कार्यालय से जारी दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के लिए टीम गठित की हैं। इसमें उपखंड मजिस्ट्रेट हनुमानगढ़, उप पुलिस अधीक्षक (शहर) और फायर ऑफिसर, नगर परिषद होंगे।

■ दुकान के बाहर लाइसेंस नम्बर के पोस्टर चस्पा करना जरूरी

छठ घाट की सफाई व चौके लगाने की मांग

हनुमानगढ़, (कासं)। श्री छठ पूजा समिति के बैनर तले पूर्वांचल वासियों ने विधायक गणेश राज बंसल से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने जंक्शन में सूरतगढ़ रोड, आईटीआई कॉलोनी के पास चुंगी नम्बर 8 से निकलने वाली नहर पर बनाये गए छठ घाट की साफ-सफाई करवाने और चौके लगवाने की मांग की।

समिति पदाधिकारियों ने विधायक को अवगत करवाया कि उन्होंने नगर परिषद सभापति रहते समय चुंगी नम्बर आठ से निकलने वाली नहर पर चौके लगवाने की घोषणा की थी। उन्होंने विधायक से मांग की कि चौके लगवाकर उस घोषणा को पूरा किया जाए। साथ ही छठ घाट की साफ-सफाई करवाई जाए। इस पर विधायक ने तत्काल नगर परिषद सभापति से फोन पर बात कर चौके लगवाने की बात कही। इस पर पूर्वांचलवासियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जताई। श्री छठ पूजा समिति की ओर से सूरतगढ़ रोड, चुंगी नम्बर आठ, आईटीआई कॉलोनी में पांच नवम्बर से आठ नवम्बर तक छठ महोत्सव मनाया जायेगा। छठ महोत्सव की तैयारियों के संबंध में रविवार रात को समिति सदस्यों की बैठक जंक्शन में हुई।

■ पांच से आठ नवम्बर तक छठ महोत्सव मनाया जायेगा

251 लोगों को कपड़े व जूते वितरित

श्रीगंगानगर, (कासं)। हेल्प इंडिया फाउंडेशन की टीम 6 वर्षों से अपनी सेवाएं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचा रही है। दिवाली पर्व को लेकर टीम की ओर से इसकी शुरूआत करवा चौथ के दिन 251 जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े, जूते खिलौने डोर-टू-डोर लोगों को वितरित कर नेक कार्य किया।

इस फाउंडेशन की टीम ने श्रीगंगानगर के यूआईटी रोड, सरकारी अस्पताल के पास साई बाबा मंदिर के पास बनी झुग्गी-झोंपड़ियों में गरीब और निर्धन बच्चों व परिवारों को निशुल्क वस्त्र वितरित किए। इसी कड़ी के चलते संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष विनोद राजपूत ने बताया कि इस बार दिवाली ऐसी गरीब परिवार लोगों के साथ मना रहे हैं।

कीड़े लगा युवक का शव झाड़ियों में मिला

अनूपगढ़, (कासं)। जिले के सरकारी बॉयज स्कूल के सामने सोमवार को सुबह करीब 11:30 बजे झाडियों में एक 23 वर्षीय युवक का शव मिला है। सबसे पहले यह शव सरकारी बॉयज स्कूल के सामने स्थित मंदिर के पुजारी ने देखा और इसकी सूचना अनूपगढ़ पुलिस थाने में दी।

सूचना मिलने पर एएसआई कालूराम मीणा मौके पर पहुंचे। मौके पर जुटी भीड़ में से किसी ने शव की शिनाख्त अजीत उर्फ जीतू निवासी प्रेमनगर के रूप में की। एएसआई बताया कि शव की पहचान होने के बाद पुलिस मृतक अजीत पुत्र पालाराम निवासी वार्ड नंबर 3 के मूलचंद पुत्र केसराराम को उसके घर से लेकर आई और अजीत के शव की पुष्टि करवाई। मृतक का मामा शव को देखकर फूट-फूट कर रोने लगा। जिस समय शव मिला उसे समय शव पर कीड़े चल रहे थे। मृतक की जेब से एक इंजेक्शन और नशे की गोलियां मिली है। पुलिस ने बताया कि हो सकता है अजीत की मौत नशे के इंजेक्शन के कारण हुई है। पुलिस ने शव को अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। सरकारी बॉयज स्कूल के सामने स्थित शिव मंदिर के पुजारी ने बताया- वो आज सुबह मंदिर के आसपास सफाई कर रहा था। सफाई के दौरान उसे झाडियों के पास एक शव दिखाई दिया। जैसे ही शव दिखाई दिया। उसने इसकी सूचना राहगीरों को दी और देखते-देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। भीड़ में से किसी ने इसकी सूचना अनूपगढ़ पुलिस थाने में दे दी। मृतक के मामा ने बताया कि अजीत बचपन से ही उनके पास रह रहा था। वह एक टैंट हाउस पर मजदूरी करता था। उन्होंने बताया कि पिछले 3 दिनों से अजीत घर पर नहीं आया था और वह मेडिकल नशा करने का आदी है। मौके पर पहुंचे एएसआई कालूराम मीणा ने बताया कि मृतक की जेब से इंजेक्शन और नशे की गोलियां मिली है।

■ मृतक की जेब से इंजेक्शन और नशे की गोलियां मिली

स्टेशन पर सिनेमा व बाज़ार बनाना जनता की कमाई का दुरूपयोग : वाई. के. योगी

बीकानेर, (कासं)। रेलवे फाटकों की समस्या सात दशकों से है और समय समय पर इसके समाधान के लिए जन आंदोलन भी हुए हैं। हाल ही में अंडरपास बनाने की चर्चा चली जिसका विभिन्न संगठनों/वर्गों ने विरोध किया है।

समाचार पत्रों में रेलवे स्टेशन पर 500 करोड़ रूपये की लागत से दस मंज़िला बिल्डिंग में सिनेमा हॉल तथा माल बनाने की खबर आई है। जिससे काफी समय से आन्दोलनरत जन समुदाय सक्रिय हुआ और गैर राजनौतिक जनसमूह के नाम से व्यापारी, कर्मचारी और आमजन ने रेलवे मंडल प्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर रेलवे फाटक के प्रतीक का पुतला फूंका।

जनता को संबोधित करते हुए वाई. के. शर्मा योगी ने कहा कि स्टेशन रोड पर स्थित मॉल की दुकानें अभी भी खाली पड़ी हैं। शहर के पांच प्रमुख सिनेमा हॉल बंद हो गये हैं। ऐसी स्थिति में स्टेशन पर सिनेमा व बाज़ार बनाना हास्यास्पद एवं जनता की कमाई का दुरूपयोग है।

शहर की प्रमुख समस्या 50 बार बंद होने वाला रेलवे फाटक है। जबकि सरकार रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यकरण के नाम पर सैंकड़ों करोड़ रूपये फूंकना चाहती है। शहर के सामाजिक संगठनों, व्यापारिव संघों, ट्रेड यूनियनों, छात्र संगठनों और अन्य संस्थाओं से संपर्क कर आंदोलन तेज किया जायेगा।

योगी के साथ सुरेश शर्मा, अनिल व्यास, सुरेश गहलोत, राजू मूलचंदानी ने डीआरएम को इस विषय में ज्ञापन भी दिया। प्रदर्शन में नलिन सारवाल, जगदीश गुल्लू, राजकुमार भाटिया, भवानी शंकर, विजय शंकर, राम अवतार, प्रेम गहलोत आदि शामिल थे।

बीकानेर में रेलवे फाटकों की समस्याओं को लेकर शहर के लोगों ने रेल फाटकों के प्रतीक का पुतला फूंक कर विरोध जताया।

■ रेलवे स्टेशन पर 500 करोड़ रूपये की लागत से दस मंज़िला बिल्डिंग में सिनेमा हॉल तथा माल बनाने का विरोध

शहादत देने वाले पुलिसकर्मियों को याद किया

श्रीगंगानगर, (कासं)। ड्यूटी के दौरान शहादत देने वाले पुलिस कर्मियों को सोमवार को पुलिस शहीद दिवस पर याद किया गया। शहर के पुलिस लाइन में हुए आयोजन में एसपी गौरव यादव ने पुलिस कर्मियों को याद करते हुए अमर जवान ज्योति के प्रतीक पर पुष्प चक्र अर्पित किया।

शहर के सभी थानों के थानाधिकारियों सहित कई पुलिस कर्मियों ने अमर जवान ज्योति के प्रतीक पर पुष्प अर्पित किए। पुलिस कर्मियों ने मौन रखकर शहीद रखकर शहीद पुलिस कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। फायर कर शहीदों के प्रति सम्मान जताया गया। पुलिस के उच्च अधिकारियों ने पुलिस के कर्तव्यों के बारे में बताते हुए कहा कि पुलिसकर्मी 24 घंटे तक लगातार ड्यूटी देते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी परिवार के साथ होली और दिवाली जैसे त्योहार नहीं मनाकर अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं।

सर्दी में रेल लाइनों पर ट्रैक मेंटेनर करेंगे रात को गश्त

श्रीगंगानगर, (कासं)। आने वाले दिनों में सर्दी बढ़ने के मद्देनजर रेलवे ने नई व्यवस्था की है। कम तापमान से रेललाइन के सिकुड़ने एवं कोहरे में रेल संचालन को लेकर आने वाले परेशानियों को देखते हुए रात के समय ट्रैक मेंटेनर की व्यवस्था की गई है। ये ट्रैक मेंटेनर ट्रैक पर निर्धारित दूरी तक नजर रखेंगे। इन ट्रैक मेंटेनर को विशेष किस्म के डेटोनेटर उपलब्ध करवाए जायेंगे।

इन डेटोनेटर को ट्रैक मेंटेनर रेल लाइन फैक्चर होने पर गाड़ी आने की दिशा में एक निश्चित दूरी पर रेललाइन पर फिट करेगा ताकि इंजन के व्हील इस डेटोनेटर के ऊपर से गुजरेंगे तो डेटोनेटर तेज आवाज के साथ फूटेगा और लोको पायलट को इस आवाज को सुनकर गाड़ी की गति को नियंत्रित करते हुए खतरे के स्थान से पहले ही गाड़ी रोकने की जानकारी मिलेगी। इस तरह खतरा टाला जा सकेगा।

कोहरे की स्थिति में रेल हादसों की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में बीकानेर मंडल में 287 पैसेंजर ट्रेन व लगभग 120 गुड्स ट्रेनों में लोको पायलटों को फोग डिवाइस दी जायेगी। यह डिवाइस कोहरे के समय लोको पायलट को सिगनल के संबंध में सही सूचना देगी।

यह फोग डिवाइस यह बतायेगी कि अब आगे किस तरह का सिगनल आने वाला है। यह डिवाइस लगभग 2000 मीटर से पहले ही लोको पायलट को आने वाले सिगनल के बारे में सूचित करना शुरू कर देगा। इससे लोको पायलट अपनी गाड़ी की गति को नियंत्रित करते हुए आगामी सिगनल को सुरक्षित पार करने के लिए तैयार रहता है। नवम्बर के अंत तक यहां कोहरा आने की संभावना रहती है।

■ पटरी टूटे होने पर सूचना लोको पायलट को देंगे